हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 9 नवंबर 2024
कुरूद | सिहावा | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

10 कोविड महामारी से माता-पिता की हुई मौत बच्चे सहायता राशि ...


11 उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने तोड़ा 36 घंटे ...


## खबर संक्षेप

### मृत किसानों को आज देंगे श्रद्धांजलि

**धमतरी।** सन 2009 में किसान यूनियन द्वारा समर्थन मूल्य और बोनस को लेकर सिहावा चौक में अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया गया था। पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक किसानों पर लाठीचार्ज किया गया। 34 किसानों पर 11 केस 85 धारा लगाकर 42 दिन तक जेल में रखा गया था। पुलिस कस्टडी में किसानों को काफी यातनाएं दी गई थीं। अभी तक 9 किसानों की मृत्यु हो चुकी है। इस काला दिन को यादकर किसान संगठन द्वारा आज 9 नवंबर को मृत किसानों को छाती कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### गाड़ाडीह में गोपाष्टमी महोत्सव आज

**मगरलोड।** ग्राम गाड़ाडीह (ठेकला) में ग्रामीण झेरिया यादव समाज एवं छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज खिसोरा मंडल द्वारा 9 नवंबर शनिवार को गोपाष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। दोपहर 12 बजे शोभायात्रा, 2 बजे गौ पूजा आरती, अतिथि स्वागत एवं राउत नाचा का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि सरपंच ओमप्रकाश साहू होंगे। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज भगत सिंह यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश सदस्य रंजीत यादव, जिलाध्यक्ष रमेश यादव, वरिष्ठ नागरिक हेमलाल निषाद होंगे।

### धीवर समाज का दीपावली मिलन 10 को

**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना का दीपावली मिलन समारोह 10 नवम्बर रविवार को दोपहर 3 बजे शीतला माता मंदिर परिसर धीवर समाज भवन में आयोजित किया गया है। धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल एवं अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### 9 व 10 को कराते स्पर्धा

**धमतरी।** स्व. राजेश गंजीर की स्मृति में राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन धमतरी जिला कराते डू एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा 9 व 10 नवंबर को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 400 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला कराते संघ के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने बताया कि 9 नवंबर को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता शुरू होगी। समापन 10 नवंबर को शाम 5 बजे होगा।

### रानी सती जन्मोत्सव 10 को

**धमतरी।** रानी सती दादी मंदिर नारायणी धाम में 10 नवंबर रविवार को शाम 4:30 बजे रानी सती दादी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि दादी जी का जन्म दिवस



कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। महाभारत के संवाद में नारायणी मां उत्तरा के रूप में थीं। वही मां कलयुग में रानी सती दादी मां के नाम से अवतरित हुई हैं। कलयुग में रानी सती दादी और खाटू श्याम बाबा का अवतरण हुआ। कहा जाता है कि रानी सती दादी मां और खाटू श्याम बाबा दोनों भाई बहन हैं।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 11 को

**कुरूद।** महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर (नियमित) एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 11 नवंबर को होगी। परीक्षार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षार्थी के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रविष्ट किये जायेंगे। परीक्षा में अनुपस्थित होने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### गंगरेल मड़ई में दिखा अद्भुत नजारा, परण के लिए महिलाओं ने घंटों देवी-देवताओं का किया इंतजार

# आदिशक्ति मां अंगारमोती के दरबार में सैकड़ों महिलाओं ने संतान सुख के लिए किया परण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को गंगरेल स्थित मां अंगारमोती के दरबार में अद्भुत नजारा था। मां अंगारमोती के मंच स्थित सीढ़ी से लेकर मुख्य मार्ग के प्रवेश द्वार तक सैकड़ों महिलाएं परण पड़ने के लिए घंटों देवी देवताओं का इंतजार करती रहीं। शाम करीब 6 बजे मां अंगारमोती की डांग डोरी सहित अन्य गांवों से पहुंचे देवी- देवता मेला स्थल की परिक्रमा कर देवीस्थल की ओर लौटने लगे तो यहां विस्मयकारी दृश्य देखने को मिला। हाथ में श्री फल और फूल लेकर बैठी महिलाएं देवताओं के आगमन के साथ पेट के बल लेट गईं। डांग डोरी देव विग्रहों को लेकर चल रहे सिरहा बैगा लेटी हुई महिलाओं के ऊपर चलते हुए मां अंगारमोती की दिव्य प्रतिमा के सामने नतमस्तक हो गए। संतान प्राप्ति का आशीर्वाद लेने परण पड़ने के इस अविश्वसनीय दृश्य को देखने हजारों लोग उमड़े।



### किसी को प्रथम तो किसी को दूसरी संतान की चाहत

ग्राम कोलियारी निवासी दुर्गा देवांगन ने बताया कि चार साल पहले मां अंगारमोती की मड़ई में परण पड़ने के बाद उसे कन्या रत्न की प्राप्ति हुई है। चार साल बाद वह अब पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए माता का आशीर्वाद लेने पहुंची हैं। ग्राम बंजारी निवासी मिथिलेश्वरी सिन्हा ने बताया कि उसके विवाह को 6 साल बीत चुके हैं। हजारों रूपये डाक्टरी इलाज में खर्च हो गये हैं। माता से संतान प्राप्ति के लिए आशीर्वाद लेने वह दूसरी बार परण पड़ने पहुंची हैं। रायपुर निवासी मनीषा गायकवाड़ ने बताया कि उनकी शादी को पांच साल से ज्यादा हो गए। उपचार कराकर थक हार गई है। रिश्ते में दीदी टिकरापारा रायपुर निवासी रानू पाल ने उसे मां अंगारमोती की महिमा बताई और वह उसे स्वयं लेकर गंगरेल पहुंची हैं। रानू पाल बताती हैं कि तीन साल पहले वह माता की मड़ई में परण पड़ने की परम्परा निभाई थी। तब उसे संतान सुख की प्राप्ति हुई है। वह अपनी बहन को संतान सुख के लिए माता के दरबार लेकर आई हैं। दल्लीराजहरा की निशा दत्ता, रीना साहू, बलौदाबाजार की नंदनी साहू, महासमुंद की पूजा साहू, रायपुर की सुनीता देवांगन, ग्राम डोमा की गुंजा नेताम ने बताया कि उन्हें चिर-परिचित एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मां अंगारमोती की महिमा की जानकारी मिली थी। देवी के पुजारियों से संपर्क करने के बाद वे शुक्रवार की सुबह 11 बजे पहुंच गए थे।

### माता सबकी मनोकामना पूर्ण करेंगी : ईश्वर नेताम

मां आदिशक्ति अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई व मुख्य पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि यह पहली बार है जब माता से संतान प्राप्ति के लिए आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में महिलाओं ने परण पड़ा है। पहले के वर्षों में माता के चबूतरे से लेकर पहले प्रवेश द्वार तक महिलाओं की कतार लगती थी। इस वर्ष माता के चबूतरे से लेकर दूसरे यानी मुख्य मार्ग स्थित प्रवेशद्वार तक माता बहनों ने एकसाथ परण पड़ने की परम्परा निभाई। उन्होंने कहा कि मां अंगारमोती सभी फरियादियों की मनोकामना पूर्ण करेंगी।

### पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही, बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

गंगरेल मड़ई में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों को अंचल की सांस्कृतिक परम्परा रोमांचित करती रही। खुला बदन, गले में गेंदा की मालाएं, हाथों में देव विग्रह, सिर पर तिलक चंदन लगाए सिरहा बैगा बाजे- गाजे की धुन में खूब नाचते झूमते नजर आए। सुबह से श्रद्धालुओं की कतार देवी दरबार में लगी रही। सैकड़ों परिवार ने विशेष मन्नत पूरी की। भीड़ को व्यवस्थित रखने पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। रूद्री से गंगरेल मार्ग में पुलिस कैंप के पास पुलिस ने बैरियर लगाकर मोटर साइकिल तथा बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। इसी तरह मानव वन से पहले वाहनों के प्रवेश को रोका गया। मड़ई स्थल में भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

### मड़ई में बस्तर से लेकर अंचल के देवी-देवता पहुंचे

गंगरेल मड़ई में बस्तर के आंगादेव के साथ पहुंचे हीरासिंग ध्रुव ने बताया कि मां अंगारमोती की मड़ई में हर साल बस्तर के आंगा देवता पहुंचते हैं। मां से आशीर्वाद, दर्शन के बाद पारम्परिक बाजे की धुन में दूसरे दिन बस्तर के लिए रवाना होते हैं। तुमराबहार खिरकीटोला के सिरहा बैगा यशवंत मरकाम, कन्हैया नेताम, जगदेव ने बताया कि माता की मड़ई परंपरा जबसे चली आ रही है तब से उनके पूर्वज देव विग्रहों के साथ माता की मड़ई में पहुंचते आ रहे हैं। आज भी यह परंपरा जारी है। विश्रामपुर निवासी तामेश ध्रुव, समारू ध्रुव, कुशल ध्रुव, कसावाही के सिरहा बैगा लीलूराम, लवकुमार नागवंशी, छगन नागवंशी ने बताया कि हर साल माता अंगारमोती की मड़ई पर निमंत्रण प्राप्त होता है। वे अपने देवी देवता शीतलामाता, कंकालीन, दंतेश्री, लंगुरूवा, नवदुर्गा, डोकराबाबा के डांग डोरी देवविग्रह के साथ मड़ई उत्सव में पहुंचे हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगरी ब्लॉक के ग्राम सलोनी में बीते दिनों आबकारी अमला द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान मानिक (मानू) मानिकपुरी के मकान में 10 लीटर अवैध महुआ शराब धारण करते पाया गया, जिस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण क़ायम कर मानिक मानिकपुरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं नगरी से लगे जंगल में छापामार कार्रवाई करते हुए 38 लीटर महुआ शराब बरामद की गई तथा महुआ शराब बनाने के लिए रखे लगभग 4500 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 34(1) च के तहत



कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई आबकारी विभाग तथा पुलिस थाना केरेगांव के स्टॉफ ने संयुक्त रूप से की। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रद्युम्न नेताम, आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में नाबालिग व वृद्धा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- घायल का अस्पताल में उपचार जारी

अलग-अलग जगह हुई सड़क दुर्घटना में नाबालिग किशोर व वृद्धा की मौत हो गई है। वहीं मृतक के घायल साथी का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी खोमेंद्र साहू पिता भुनेश्वर 4 नवंबर को अपने दो दोस्तों के साथ घर की मोटरसाइकिल से ग्राम पोटियाडीह जा रहा था। इसी दौरान ग्राम पोटियाडीह नाला मोड़ के पास उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित



होकर गिर गई। घटना में खोमेंद्र व उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं तीसरे साथी को हल्की चोट लगी है। तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। खोमेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। रायपुर के अस्पताल में भर्ती करने के बाद परिजनों ने घायल को रिफर कराकर धमतरी मसीही अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान खोमेंद्र की गुरुवार की शाम मौत हो गई। वहीं घटना में गंभीर रुप से घायल दूसरे युवक की रूद्री रोड स्थित निजी अस्पताल में उपचार जारी है। तीसरे को मामूली चोट लगने से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को मृतक का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से मौत

अलग घटना में अनुसुइया नेताम पति भागीरथी उम्र 65 वर्ष भानुप्रतापपुर निवासी 1 नवंबर को पैदल गांव के बाजार में सब्जी खरीदने गई थी। वृद्धा सब्जी खरीदकर शाम को वापस लौट रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक चालक ने वृद्धा को ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए भानुप्रतापपुर के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने गंभीर वृद्धा को उपचार के लिए धमतरी रिफर कर दिया। वृद्धा को सिविल लाइन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह वृद्धा की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

## दर्जनभर युवकों ने मिलकर पिता-पुत्र का सिर फोड़ा, गंभीर

- घटना के बाद भटगांव में दहशत का आलम, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मामूली बात को लेकर दर्जनभर युवकों ने पिता व पुत्र की बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से पिता-पुत्र के सिर में गंभीर चोट लगी है। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

घायलों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी शांतिलाल साहू पिता रामसाय उम्र 43 वर्ष गुरुवार को गांव के रमन साहू के साथ मावली मड़ई मेला देखने गया था। जहां से दोनों मोपेड में सवार होकर वापस अपने घर भटगांव





लौट रहे थे। इसी दौरान भटगांव सोरम रोड किनारे बसे मजराटोला के दो युवक लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए जा रहे थे। यह देख शांतिलाल ने युवकों को ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। यह सुनकर बाइक सवार युवक उनसे आगे निकल गए। शांतिलाल जब चौक के पास पहुंचा तो बाइक सवार युवकों ने अपने 10-12 साथियों के साथ लोहे के कड़े, लाठी व ईंट से शांतिराम की पिटाई शुरु कर दी। सभी युवक अधेड़ की बेदम पिटाई कर रहे थे। मारपीट की सूचना मिलने पर पुत्र चंद्रहास साहू घटनास्थल पहुंचा। वह पिता को बचाने के लिए भीड़ में घुस गया। इसके बाद युवकों ने चंद्रहास की भी लोहे के कड़े व लाठी से पिटाई शुरु कर दी। इस घटना में दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका सिर लहुलूहान हो गया। घटना के साथ सभी आरोपी वहां से भाग गए।

घटना की सूचना रूद्री पुलिस को दी गई। छोटे बेटे मनीष साहू घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। तब तक पुलिस भी भटगांव पहुंच गई। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। वार्ड में भर्ती कर घायलों का इलाज किया जा रहा है।

बुधवार को घायल चंद्रहास के सिर का सीटी स्कैन कराया गया है जिसमें उसके सिर पर ब्लड जमने की जानकारी हुई। युवक की एक आंख में भी गंभीर चोट लगी है। वहीं छोटे पुत्र मनोज की शिकायत पर रूद्री पुलिस ने आरोपी गोपी, जोहित सहित अन्य के खिलाफ धारा 3/5, 351/2, 115/2, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

### गिरदावरी कार्य को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने खेतों में उतरकर किया गिरदावरी सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में फसल गिरदावरी कार्य किया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अधिकारियों ने फसल गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिले के ग्राम भोयना, जवरगांव, अरौद और मथुराडीह के खेतों में उतरकर गिरदावरी सत्यापन किया। उन्होंने पटवारी द्वारा संधारित अभिलेखों की मौके पर जांच की। मौके पर कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

गौरतलब है कि जिले में



पटवारियों द्वारा गिरदावरी कार्य किया गया और भुंईयां सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया। इसके बाद पटवारी द्वारा संपादित गिरदावरी कार्यों के भौतिक सत्यापन हेतु तहसील स्तरीय गिरदावरी सत्यापन दल तैयार कर एप के माध्यम से सत्यापन करने आईडी और पासवर्ड दी गई। तहसील स्तर पर 290 अधिकारियों, कर्मचारियों का दल नियुक्त किया गया है। जिले के कुल खसरों में से अधिकांश का सत्यापन दल द्वारा रेंडमली सत्यापन कर लिया गया है। तहसील स्तरीय सत्यापन दल द्वारा सत्यापित खसरों में 5 प्रतिशत खसरों का पुन- जिला स्तरीय गिरदावरी सत्यापन दल द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से सत्यापन करने 116 अधिकारियों का चयन कर आईडी पासवर्ड दिया गया, जिसमें 476 खसरे थे।

जिलास्तरीय सत्यापन दल के अधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर हल्का पटवारी एवं उसके द्वारा संधारित राजस्व अभिलेखों में दर्ज खसरा प्रविष्टि की जांच की गई। पटवारियों द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर ही शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान- मक्का की खरीदी की जा रही है। कृषक द्वारा बेची गई वास्तविक फसलों का रकबा एवं धान और अन्य बोई गई फसलों का रकबा तथा छोड़ी गई पड़त भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी हो जाए।

शासन द्वारा कलेक्टर नम्रता गांधी, जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### प्राक्चयन परीक्षा रायपुर में 10 को

**धमतरी।** युवा करियर निर्माण योजना के तहत प्री. मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा 10 नवम्बर को दोपहर 12 से दो बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजित की गई है।

## निधन

### रामकिशन नगारची



**पुरी।** ग्राम बिजनापुरी के प्रतिष्ठित व्यक्ति रामकिशन नगारची (नागेश) 70 वर्ष का 5 नवंबर रविवार को निधन हो गया। वे संध्या, बादल, सूरज के पिता, संतोष के बड़े भाई एवं कमल नगारची के बड़े पापा थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### तेजराम चंद्राकर



**कुरूद।** समीपस्थ ग्राम चरमुड़िया निवासी दाऊ तेजराम चंद्राकर 97 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि 8 नवंबर को की गई। वे दुर्गेश चंद्राकर, श्रीकांत चंद्राकर, सात्विक चंद्राकर, पथिक चंद्राकर के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

ग्राम लड़ेर का मामला : बच्चे कर्ज लेकर हॉस्टल में कर रहे पढ़ाई

# कोविड महामारी से माता-पिता की हुई मौत बच्चे सहायता राशि के लिए भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

सन 2022-23 में ग्राम लड़ेर में कोविड महामारी से माता-पिता की मृत्यु हो गई। उनके बच्चे अनाथ हो गए। लेकिन यह विडंबना है कि शासन से मिलने वाली सहायता राशि आश्रितों को अब तक नहीं मिली है। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड से लगभग 23 किलोमीटर दूर ग्राम लड़ेर निवासी पूर्व सरपंच कौशल कुमार कंवर की कोविड 19 की महामारी से 11 अप्रैल 2021 को मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के सदमे में पत्नी उत्तरा बाई कंवर बीमार हो गई। एक वर्ष बाद 27 मई 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के दोनों पुत्र देवेंद्र कुमार व भूपेन्द्र कुमार अनाथ हो गए।

छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी नवा रायपुर अटल नगर के पत्र के तहत कोविड 19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुदान सहायता दिए जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। मृतक कौशल कंवर के परिजनों, आश्रितों को 12 मई 2022 को 50 हजार रूपये स्वीकृत किया गया था। माता-पिता की मृत्यु के बाद सहायता राशि प्राप्त करने उनके आश्रित तहसील व कलेक्टर कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अनाथ बच्चों को अब तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। पुत्रों ने बताया कि पिता के मृत्यु के बाद घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। मां का इलाज कराने के लिए पैतृक खेती की बिक्री करनी पड़ी। सारा पैसा इलाज में खर्च हो गया। कर्ज लेकर हॉस्टल में पढ़ाई कर रहे हैं। कोविड 19 महामारी की सहायता राशि नहीं मिलने पर तहसील कार्यालय में जानकारी ली गई। कार्यालय में कोविड 19 महामारी सहायता राशि पंजी का रजिस्टर गायब है। कार्यालय कर्मी ने कोविड पंजी, चेक बुक, पासबुक खंगालने के बाद भी भुगतान संबंधी कोई भी जानकारी देने असमर्थता जाहिर की है। इसकी शिकायत तहसीलदार मनोज भारद्वाज से की गई है। अधिकारी ने उक्त मामले में कुछ दिन का समय मांगा है।



#### कार्यालय से कोविड 19 राशि भुगतान का रजिस्टर गायब

शासन द्वारा जारी आपदा प्रबंधन राशि का तहसील कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी द्वारा गोल-मोल करने की पोल खुल रही है। कोविड 19 महामारी अति संवेदनशील प्रकरण की सहायता राशि, पंजी, चेक बुक, पासबुक कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। इससे जाहिर होता है कि आपदा प्रबंधन राशि में गड़बड़ी करने की कोशिश की जा रही है।

#### शासन की महत्वाकांक्षी योजना की अनदेखी

केंद्र एवं राज्य सरकार ने कोविड 19 महामारी से मृतकों के परिजनों, आश्रितों को सहायता प्रदान करने महत्वाकांक्षी योजना बनाई गई है। लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाह से पीड़ित एवं आश्रितों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

आमदी कालेज की रासेयो इकाई ने भानपुरी में लगाया सात दिवसीय शिविर

# समाज एवं देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें : हेमंतमाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं संरक्षण तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। यह शिविर 7 से 13 नवंबर तक डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आयोजित है।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी साहू सरपंच भानपुरी थी। अध्यक्षता डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि हेमंतमाला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, डोमन साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष भानपुरी, जीवनलाल साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भानपुरी थे। स्वयंसेवक डुमेश्वरी एवं साथी ने रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रतिनिधि डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

जीवन साहू ने कहा कि किसी काम को सीखने नहीं बल्कि उसे करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि समाज के लोग आपको देखकर प्रेरित हो। हेमंतमाला ने समाज एवं देश के लिए निरंतर सेवा करने तथा स्वयं के जीवन में सुधार कर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि जानकी साहू ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, मन्नूलाल साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे, शिविर नायक छत्रपाल साहू, शिविर नायिका योगिता साहू व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। मंच संचालन भूतपूर्व स्वयंसेविका प्रियंका तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

# जिला गोस्वामी समाज ने की हत्याकांड के जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला गोस्वामी समाज ने पदाधिकारी कैलाश पुरी, महेन्द्र पुरी, नीलम गोस्वामी, रंजीत पुरी, गिरीश गोसाई, विजयपुरी, यशवंत पुरी, दिनेश पुरी, किशोर पुरी, चन्द्रशेखर गोस्वामी ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अमित गोस्वामी हत्याकांड की जांच सही दिशा में करने की मांग की है। साथ ही उनके परिवार के भरण पोषण, मुआवजा का विशेष ख्याल किया जाए। इस मौके पर मृतक के परिवार भी उपस्थित थे।

# पुलिस ने 30 जुआरियों से 16050 रूपए जब्त किए

■ मगरलोड थाना क्षेत्र में मारपीट के चार मामले सामने आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



मगरलोड थाना क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं के साथ दीपावली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। थाना से मिली जानकारी अनुसार 21 से 28 अक्टूबर तक पुलिस ने अलग अलग जगहों पर रेड मारकर 30 जुआरी को पकड़ा तथा उनके कब्जे से 16050 रूपये जब्त किये गये। जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई। 21 अक्टूबर को ग्राम भरदा में 4 जुआरी से 1100 रूपये, 23 अक्टूबर को नवागांव में 2 जुआरी से 540 रूपये, ग्राम करेली छोटी में 6 जुआरी से 3600 रूपये, 24 अक्टूबर को मेघा में 3 जुआरी से 520 रूपये, 26 अक्टूबर को ग्राम बेलरदोना में 4 जुआरी से 3500 रूपये, 26 अक्टूबर को 4 जुआरी से 2590 रूपये, 28 अक्टूबर को दूधवारा में 7 जुआरी से 4200 रूपये जब्त किये गये। इसी तरह ग्राम भरदा, गिरौद, जामली राजपुर मेन रोड और राजाडेरा में मारपीट का मामला सामने आया है।

# सार्थक के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी फैशन शो कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

■ राज्योत्सव में जिला प्रशासन ने बच्चों एवं संस्था की अध्यक्ष को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला राज्योत्सव में सार्थक स्कूल के 11 बच्चों ने छत्तीसगढ़ी फैशन शो की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें बस्तरिया, संबलपुरी पारंपरिक वेशभूषा, किसान, पंडवानी लोक गायिका, भील, आदिवासी तथा राउत एवं सुआ नृत्य के परिधान में अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्कूल के पंकज मंधान, मनीषा साहू, दिशा गौतम, निमेष सिन्हा, हर्षिता गजेंद्र वत्सला साहू, प्रीति साहू, एकलव्य पटेल, विनित बघेल, भारती पटेल, एवं सत्यांशु दीप ने छत्तीसगढ़ की वेश-भूषा, आभूषण का उपयोग करके फैशन शो का मनमोहक प्रदर्शन किया।

जिला प्रशासन ने सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ.सरिता दोशी को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। सरिता दोशी ने बताया कि स्कूल की नृत्य एवं संगीत प्रशिक्षक स्वीटी सोनी एवं देविका दीवान ने बच्चों को फैशन शो का प्रशिक्षण दिया है। पालकों ने भी सहयोग किया। हस्तनिर्मित कलात्मक लिफाफों का स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम में सार्थक की सचिव श्रीमती स्नेहा राठौड़, सदस्य सुभाष मलिक, श्रीमती पायल खंडेलवाल, सुमन शर्मा, प्रशिक्षक गण श्रीमती मैथिली गोड़े, देविका दीवान, श्रीमती स्वीटी सोनी, श्रीमती सुनैना गोड़े, आकाश आहूजा समेत पालकगण हरीशनारायण गजेंद्र, श्रीमती निशा गजेंद्र, डेरहाराम साहू, श्रीमती ओमेश्वरी साहू, श्रीमती ज्योति गौतम, उमेश पटेल का योगदान रहा।

# सहकारी कर्मियों के आंदोलन को आंबा कार्यकर्ताओं ने दिया समर्थन

■ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान में आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी





प्रदेश संगठन के आह्वान पर लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय आंदोलन गांधी मैदान धमतरी में किया जा रहा है जिसमें गरियाबंद, महासमुंद, बलौदा बाजार, रायपुर, धमतरी जिला के समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक, ऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी चौकीदार अपनी-अपनी समितियों को बंद कर आंदोलन में डटे हुए हैं।

नरेंद्र कुमार साहू छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने बताया कि आंदोलन के चलते शासन की धान खरीदी तैयारी, दलहन तिलहन, रबी ऋण वितरण, खरीफ ऋण वितरण, बचत बैंक, माइक्रो एटीएम कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। 14 नवंबर को होने वाली धान खरीदी की तैयारी पूर्णतः बाधित हो गई है। कर्मचारी संगठन ने इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ने का मूड बना लिया है। उनके आंदोलन को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी समर्थन दिया है और मांग पूरी करने शासन-प्रशासन से अपील की है। आंदोलन को समर्थन देने पूर्व किसान अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू भी मंच पर पहुंचे। दूसरे दिन छाती समिति के पूर्व संचालक सदस्य भेषजलाल साहू ने भी मंच पर आकर मांगों का समर्थन किया ।

# सिंधौरीकला में दीपावली मिलन समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

तुलसी के चर्चा मानस परिवार, दंतेश्वरी मानस परिवार, ग्रामवासियों एवं मानस प्रेमी शक्ति केंद्र खैरा के सहयोग से 10 नवम्बर रविवार को सुबह 10 बजे ग्राम सिंधौरीकला में मानस शक्ति केंद्र खैरा का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। मंगलाचरण एवं दीप प्रज्ज्वलन सुबह 10 बजे पंडित श्रीकांत मिश्रा करेंगे।

कार्यक्रम में तुलसी चर्चा मानस परिवार सिंधौरी कला, युवराज सिन्हा व्याख्याकार कन्हारपुरी, लोमश साहू मोंगरा मानस वक्ता, भजन गायन इंदल राम साहू चोरभट्ठी की प्रस्तुति, नरसिंह साहू चिरपोटी मानस प्रवक्ता, भजन गायन मनीराम साहू सेलदीप, राम राजेश साहू रामायणी, भजन गायन श्रीमती शांता देवी साहू सिंधौरीखुर्द, पीलाराम शर्मा कपसदा मानस चिंतक, भजन गायन कमलेश साहू खैरा, कोदूराम चंद्राकर मोंगरा रामायणी, भजन गायन तोषकुमार साहू कातलबोड़, खूबलाल साहू कातलबोड़ मानस मर्मज्ञ, भजन गायन किरण साहू डांडेसरा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मंच संचालन चंपालाल साहू कातलबोड़, गुलाप राम साहू परसवानी, श्रीकांत मिश्रा सिंधौरीकला करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ धमतरी छतीसगढ़ होंगे। अध्यक्षता लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष शक्ति केंद्र खैरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि राजमानस संघ के पदाधिकारी भानुप्रताप साहू सरपंच सिंधौरीकला, भीखम यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सिंधौरी कला, जगजीवन मिश्रा सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सिंधौरी कला मानस शक्ति केंद्र खैरा होंगे।

# स्वास्थ्य शिविर का 223 लोगों ने लिया लाभ

■ भेंडरा में भखारा कालेज की रासेयो इकाई ने आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भेंडरा में 10 नवम्बर तक मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस प्रातः स्वयंसेवकों ने गांव मे प्रभात फेरी कर नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागृत किया।

स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन एवं व्यायाम किया गया। परियोजना कार्य अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासी, स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। लगभग 223 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उदयगिरि एवं हिमालय दल के स्वयंसेवकों द्वारा प्रमुख चौक चौराहों, शासकीय भवनों, सड़कों के दोनों ओर तथा नालियों की साफ सफाई की गई। बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय भखारा अध्यक्ष हरख जैन, विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी समिति सदस्य सुरेंद्र बेडगे, मनीष कुमार, प्रवीण कुमार थे।

कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने आभार व्यक्त किया। बौद्धिक परिचर्चा के बाद स्वयंसेवकों द्वारा देशी खेलकूद रूमाल झपट्टा खेल खेला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक निरंजन कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया। रात्रि में स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़, नाटक, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

सरपंच चयन में ग्रामीणों में एकमत नहीं होने पर हुआ चुनाव, 20 पंचों ने डाले वोट

# भुवनेश्वरी बनीं रांकाडीह की नई सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम पंचायत रांकाडीह मधुबन की पूर्व सरपंच खेमलता अनिल साहू को धारा 40 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद द्वारा बर्खास्त किये जाने के बाद से यह पद रिक्त था। पंचायत राज अधिनियम का उपयोग कर सरपंच पद की रिक्तता की स्थिति में पंचायत के संचालन हेतु स्थानापन्न सरपंच की नियुक्ति की गई। इसी कड़ी में जनपद पंचायत मगरलोड मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश के तहत पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया।

जनपद पंचायत मगरलोड के करारोपण अधिकारी गुलाब सिंह चंद्राकर द्वारा 5 नवंबर को सम्मेलन की कार्रवाई प्रारंभ की गई। ग्राम पंचायत में पूर्व सरपंच अनारक्षित महिला वर्ग आरक्षण के आधार पर नवीन सरपंच अनारक्षित महिला होना अनिवार्य हो गया। नवीन सरपंच चयन में एकमत नहीं होने की वजह से प्रथम पक्ष से वार्ड क्रमांक 1 से पंच भुनेश्वरी साहू तथा दूसरे पक्ष से वार्ड क्रमांक 4 की पंच टिकेश्वरी साहू का नाम प्रस्तावित किया गया। इस चुनाव में कुल 20 पंचों ने अपने मत का उपयोग किया। भुनेश्वरी साहू को 11 मत तथा टिकेश्वरी साहू को 9 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार अधिकारी द्वारा भुनेश्वरी साहू को 2 मत से विजयी घोषित कर नवीन सरपंच का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### उत्तर भारतीयों का चार दिवसीय परंपरागत छठ महापर्व का हुआ समापन

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने तोड़ा 36 घंटे का निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उत्तर भारतीयों का परंपरागत चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन शुक्रवार को हो गया। व्रती महिलाओं ने चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। सूर्य को अर्घ्य देने व्रती परिवार तालाब, नदी किनारे अलसुबह ही पहुंच गए। सूर्योदय होने के पश्चात कमर तक पानी में जाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया एवं प्रसादी भेंट कर आशीर्वाद लिया। पूजा के दौरान छठी मैया की आरती उतारी।

रूद्री स्थित रूद्रेश्वर घाट पहुंची व्रती दंपति संगीता पांडे, दुर्गेश्वरी वर्मा, भारती साहू, कुसुम निर्मलकर, सुमन यादव, परमेश्वरी, प्रमिला यादव, तारा वर्मा, पुनीता प्रजापति, रोशनी प्रजापति, पदमा देवी शर्मा, अनामिका शर्मा, महेन्द्र पंडित, डिगेश शर्मा, विनोद चौधरी, विवेक चौधरी, अनामिका चौधरी, रामकुमार अकेला, सुनीता यादव, रामभवन कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, मोनू कुशवाहा, सुधीरकांत सिन्हा, माधुरी सिन्हा, अम्रता सेंगर ने बताया कि छठी महापर्व लोक आस्था का पर्व है। यह भगवान सूर्य की उपासना के साथ छठी मैया का आशीर्वाद लेने का पर्व है। सभी भारतीय यह त्योहार हर्षोल्लास से मनाते हैं। चार दिवसीय इस पर्व के चौथे दिन छठ व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का कठिन व्रत पूर्ण कर पारण किया है। उन्होंने बताया कि रात्रि से सुबह से घरों में गीत, जागरण हुआ। भोर होते ही सूर्य की आराधना कर अर्घ्य दिया गया। छठी मैया की आरती उतारकर संतान की दीर्घायु व अमर सुहाग की कामना की गई। इस दौरान महानदी घाट में सैकड़ों व्रती परिवार मौजूद थे। अलसुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ लग गई। घाट को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। हैलोजन व रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया था। टेंट की व्यवस्था की गई थी। लाउड स्पीकर के माध्यम से मंत्रोच्चार व आरती का गान हुआ । आरती बाद आतिशबाजी कर प्रसादी का वितरण हुआ।

सुबह 6:25 बजे सूर्य उदय के साथ व्रतियों ने अर्घ्य देकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। छठ मैया के गीत गाए। सामूहिक आरती हुई। घाट में मेला जैसा माहौल था। प्रशासन द्वारा चाक चौबंद की व्यवस्था की गई थी। व्रती परिवारों ने बांस से बनी टोकरी में नारियल, ठेकुआ का प्रसाद, फल, सब्जी, ईख समेत अन्य प्रसाद भगवान को अर्पित किया। व्रती परिवार में उत्साह का माहौल था।

#### आमातालाब में भी हुआ कार्यक्रम





छठ महापर्व के चौथे दिन शहर के आमातालाब में भी व्रती महिलाओं ने सुबह 6:25 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की आराधना की। छठी माई की आरती उतारकर प्रसाद भेंट किया। व्रती परिवार अमलेश झा, जयप्रकाश झा, अमित सिंह, प्रवीण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सागर मिश्रा, राजेश ठाकुर, अनिल पाठक, डिम्पल सिंह, नीलू सिंह, खुशबू साहू, प्रेमा देवी झा, रूपा झा, रीना चौहान, जुनिया चौहान, प्रियण कुमार झा, बालमुकुंद झा आदि ने बताया कि वे सूर्य को अर्घ्य देने अलसुबह 4 बजे से घाट पहुंच गए थे। सूर्योदय के इंतजार में दो घंटे तक भजन, कीर्तन, छठी मैया के गीत गाते हुए ढोल ताशे बजाए गए। सूर्यदेव के दर्शन होते ही जल और दूध से अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं ने पारण किया।

#### पूर्व विधायक रंजना ने भी की पूजा





पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू शुक्रवार को रूद्री घाट पहुंचकर सूर्य और छठी मैया की उपासना में शामिल हुईं एवं विधिपूर्वक पूजा कर आशीर्वाद लिया। श्रीमती साहू ने सभी व्रती परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, सुखी जीवन, यश कीर्ति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठी महापर्व एक हिन्दू त्योहार है। यह हमारी सनातन, संस्कृति, वैदिक आर्य संस्कृति की पहचान है। यह परंपरागत मनाये जाने वाला त्योहार है। इस अवसर पर महेन्द्र पंडित, रितिका यादव, लता सोनी, लता, अवनेन्द्र साहू, लीना साहू आदि उपस्थित थे।

## स्काउट-गाइड से मिलती है अनुशासन की सीख : नम्रता





- संघ नशामुक्ति अभियान में शामिल हो : आंजनेय वार्ष्णेय
- डा. शोभाराम देवांगन स्कूल में भारत स्काउट्स-गाइड्स संघ का स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारत स्काउट्स- गाइड्स संघ के स्थापना दिवस पर गुरुवार को डा. शोभाराम देवांगन उच्चतर माध्यमिक शाला में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, समाजसेवी उमेश साहू, डीईओ टीआर जगदल्ले, जिला संघ अध्यक्ष गणेश साहू, उपाध्यक्ष गजानंद साहू, सुधीर गुप्ता, विजय साहू, जितेंद्र साहू थे। अतिथियों ने 74 स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त तथा पूर्व पदाधिकारियों तथा पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि स्काउट गाइड से अनुशासन के महत्व को समझा जा सकता है। उनके सेवा कार्यों से जनता को प्रेरणा मिलती है। संघ का सदस्य नहीं होने के बाद भी लोगों में सेवा की भावना जागृत होनी चाहिए। स्काउट गाइड संघ नागरिकों को उनका फर्ज याद दिलाता है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि स्काउट गाइड के रूप में कई रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्य किया जा सकता है जो आम आदमी के लिए आदर्श साबित हो। संघ नशामुक्ति अभियान में हिस्सा लेकर एक स्वस्थ समाज की रचना करने में सहभागिता निभा सकता है। समाज का उत्थान करने में आगे आएं और अपना कर्तव्य निभाएं। स्काउट गाइड की ऊर्जा से अन्य लोगों को भी ऊर्जा मिलती है। जिला संघ अध्यक्ष ने स्काउट गाइड से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का एक कार्यक्रम है जो विश्वव्यापी है। इसमें व्यवहारिक और बाहरी गतिविधियों पर जोर दिया जाता है। अनुशासन के साथ- साथ खेल भी शामिल है। स्काउट गाइड से शरीर और मन का विकास होता है। स्काउट गाइड की सेवा को याद करने के लिए स्काउट दिवस मनाया जाता है। उनके योगदान का सम्मान होता है। स्काउट गाइड निःस्वार्थ सेवाओं के लिए समर्पित है।


इस अवसर पर डीपेंद्र साहू, नेतराम यादव, उमेश बशिष्ट, दुधेश्वर साहू, मोहित बनपेला, मानसिंह कपूर, गणेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, गजानंद, सोहन यादव, टिकेश्वर पांडे, वीरेंद्र सिन्हा, हेमंत साहू, दुवेंद्र मंडावी, सोहन साहू, नेमलाल गंगेले, मंजुषा साहू, हीरा भेंसले, अनीता गौर, दुलेश्वरी साहू सहित नगरी, मगरलोड, कुरूद से बड़ी संख्या में स्काउट गाइड के सदस्य उपस्थित थे।

### सिख समाज 13 को निकालेगा नगर कीर्तन

## गुरूनानक देव का प्रकाश पूरब 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिख समाज द्वारा गुरूनानक देव जी महाराज का प्रकाश पूरब 15 नवम्बर को मनाया जाएगा। इससे पूर्व समाजजनों द्वारा 13 नवम्बर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर गोलबाजार, सदरबाजार, कचहरी चौक, शिव चौक होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंचेगा। समाज प्रधान जगजीवन सिंह सिद्धू, जसपाल सिंह छाबड़ा ने बताया कि गुरूद्वारा में 22 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संत रविन्दर सिंह जौनी बाबा लुधियाना, अरूण दीप सिंह पधारे हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाश पूरब के अवसर पर 11 नवम्बर तक शहर में प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जिसमें समाजजन सुबह 4:30 बजे गुरूनानक देवजी के भजनों का गुणगान कर रहे हैं। शुक्रवार को प्रभात फेरी की टीम सरदार हरजीत सिंघ, गुरजोत सिंघ खालसा, सोनू पाहुजा परिवार के निवास पहुंचे। 9 नवम्बर को प्रभात फेरी ताजिन्दर सिंघ, कबीर सिंघ अजमानी, महेन्द्र सिंघ, मनमीत सिंघ बल परिवार के निवास में पहुंचेगी। मौके पर जसपाल सिंघ छाबड़ा, रजिन्दर सिंघ छाबड़ा, गुरूप्रीत सिंघ मान, गुरूप्रीत सिंघ गाले, मनदीप सिंघ खनूजा, अंग्रेज सिंघ छाबड़ा, अमरजीत सिंघ गाले, मोहन पाल चोपड़ा, सविन्द्रर सिंह जुनेजा, भूपेन्दर सिंघ तलूजा, गुरूमुख सिंग खनूजा, मलमीत सिंघ गिल, प्रिंस सिंह छाबड़ा, सतपाल सिंघ अजमानी, जसपाल सिंघ तलुजा, मनजीत सिंघ छाबड़ा, अवतार सिंघ गरेवाल, मनदीप सिंघ ढिल्लन, सतनाम सिंघ धनोवा, बलविंदर सिंघ बग्गा, जसविंदर सिंघ बग्गा, संदीप सिंघ जुनेजा सहित अन्य समाजजन शामिल हो रहे हैं।



### झेरिया यादव समाज का गोपाष्टमी पर्व आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज बांसपारा धमतरी द्वारा 9 नवंबर को गोपाष्टमी पर्व मनाया जायेगा। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे बांसपारा नंदी चौक से साईं मंदिर, कचहरी चौक, सदरबाजार, गणेश चौक, मराठा मंगल भवन होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। मंचीय कार्यक्रम के अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, शीतलराज यादव, नीलू पवार, मिथिलेश सिन्हा व दीपक लोंधे होंगे।

### गोपाष्टमी पर्व एवं गौमाता महोत्सव आज

**धमतरी।** श्री आशा गौशाला ग्राम डांगीमांचा एवं मां मनकेशरी गौधाम ग्राम तुमराबहार में 9 नवंबर शनिवार को गोपाष्टमी पर्व एवं गौमाता महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गौमाता की पूजा, आरती, छप्पनभोग की सेवा रखी गई है। अतिथि राज्य गौसेवा आयोग रायपुर, योग वेदांत समिति धमतरी, गौसेवा 108 सर्विसेज, विश्व हिन्दू परिषद, गंगरेल मंडल अध्यक्ष, आदर्श शिक्षा समिति, महिला समन्वय विभाग, मां अंगारमोती गौधाम के पदाधिकारी होंगे। डांगीमांचा में सुबह 11 बजे रामायण पाठ, आरती 12 बजे, छप्पन भोग 12.30 और प्रसादी वितरण 1 बजे होगा। तुमराबहार में आरती 2 बजे, छप्पन भोग 3 बजे, प्रसादी वितरण 3.30 बजे होगा।

## गुजराती समाज ने मनाई जलाराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



श्री गुजराती समाज द्वारा शुक्रवार को जलाराम बापा की 225 जयंती उत्साह से मनाई गई। सुबह 5 बजे समाजजनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में जलाराम बापा के भजनों का गान किया गया। जलाराम मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। प्रभात फेरी मकई चौक से सिहावा चौक होते हुए रत्नाबांधा, गुजराती समाज भवन पहुंची। इसके बाद स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बनियापारा, जलाराम मंदिर, गोलबाजार, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकीज होते हुए समाज भवन पहुंची। आरती पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अरविंद दोशी, दिलीप मेहता, दिनेश अंबानी, तरूण अंबानी, राकेश लोहाना, मुकेश रायचुरा, संतोष शाह, कीर्ति शाह, मिहिर पटेल, हिना लोहाणा, सोनिया पोपट, साधना रायचुरा, जोशना पटेल, छाया लोहाणा, गौरव लोहाणा सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## राज्योत्सव पर पुलिस ने स्टाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

- साइबर फ्राड व यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पुलिस ने राज्योत्सव कार्यक्रम में स्टाल लगाकर लोगों को साइबर फ्राड, यातायात नियमों की जानकारी व चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान की जानकारी दी।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान धमतरी पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने वा आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एवं साइबर जागरूकता व जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान की जानकारी देने स्टाल लगाया गया। जिसमें सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास, हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना के प्रावधान के संबंधित बैनर पोस्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। स्टाल में सड़क सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान यातायात नियमों से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 74 लोगों ने पूछे। उनके प्रश्नों का सही जवाब दिया। प्रोत्साहित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। वहीं स्टाल में पहुंचने वाले लोगों को साइबर फ्राड से बचने व जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोध अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में आमजनों व छात्र-छात्राओं ने स्टाल का अवलोकन किया।



### हेमंत को मिली पीएचडी की उपाधि



**धमतरी।** हेमंत कुमार जोशी को मानव वविज्ञान अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। श्री जोशी ने डॉ. जितेन्द्र कुमार प्रेमी प्रोफेसर व अध्यक्ष मानवविज्ञान अध्ययनशाला के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला के नट जाति के बीच 13 माह सहभागी अवलोकन करते हुए ''नटः छत्तीसगढ़ की एक विमुक्त अनुसूचित जाति का नव नृजातिवृतांतात्मक अध्ययन'' विषय पर पूर्ण करते हुए नट जाति की सामाजिक-सांस्कृतिक, संस्कार, रीति-रिवाज जनजातियों का समान होना पाया जो अन्य हिन्दू जाति समूह से भिन्न है। इसलिए नट जाति समूह को अनुसूचित जाति समूह से निकालकर अनुसूचित जनजाति में परिवर्तन करने का सुझाव प्रस्तुत किया है।

## सांकरा में जनजातीय गौरव दिवस 15 को

- राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 13 से

**धमतरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 14 एवं 15 नवम्बर को दीनदयाल ऑडिटोरियम नया रायपुर में किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर पर 15 नवंबर को नगरी विकासखण्ड के ग्राम सांकरा में कार्यक्रम होगा।

इस कार्यकम में विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के साथ-साथ अनुसूचित जनजातीय समुदाय के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु जागरूकता लाने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कला संस्कृति हेतु कार्यरत व्यक्ति, प्रतिभावान जनजातीय विद्यार्थी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी, जनजातीय वर्ग के प्राकृतिक चिकित्सक, स्वयंसेवी संस्थाएं, जनजातीय वर्ग के शहीद परिवार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 नवंबर तक साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित है। प्रतियोगिता 2 श्रेणियों में होगी, जिसमें ड्रॉइंगशीट में चित्रकारी और केनवास में चित्रकारी शामिल है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

